वी.यू. के संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र पर मुख्यमंत्री खेत योजनान्तर्गत कृषकों का भ्रमण

मुख्यमंत्री खेत तीर्थ योजनान्तर्गत विकासखण्ड बकस्वाहा, जिला – छत्तरपुर के 40 कृषकों का पशुधन प्रक्षेत्र, आधारताल पर भ्रमण आज दिनांक 07.03.2019 को सम्पन्न हुआ। भ्रमण के दौरान प्रभारी अधिकारी, पशुधन प्रक्षेत्र, द्वारा कृषकों को साहीवाल एवं गिर नस्ल की दुधारू गायों की पहचान के लक्षण बताये गये। पशुधन प्रबंधन के अन्तर्गत संतुलित आहार, पोषण एवं पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया।

भ्रमण के दौरान ना.दे.प.चि.वि.वि. के प्रोफे. (डॉ.) प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति महोदय द्वारा किसानों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु आधुनिक तकनीकि पर चर्चा की गयी। कृषकगण सर्वश्री संतोष, पूरनलाल, लल्लू जालम द्वारा केंचुए की खाद बनाने संबंधी जानकारी प्रदान की। जैविक खाद के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में किसानों को अवगत कराया गया। कृषकों को विश्वविद्यालय की पंचगव्य इकाई का भ्रमण कराकर गोबर के गमले, मच्छर रोधक अगरबत्ती, हवन टिकिया आदि बनाने के उपकरण दिखाये गये।

कृषक बन्धू श्री रामचरण, प्यारेलाल एवं श्री दिलीप भगुआ द्वारा गोबर के लट्ठे बनाने की विधि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। इस अवसर पर डॉ. ठाकुर डॉ. जैन, राहुल सेहर, डॉ. लखानी आदि उपस्थित रहे।